हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
NEWS
dku live & dkunews24
वर्ष : 04 अंक–101 : जौनपुर, सोमवार 06 जून 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपी विधानमंडल में महिला सदस्यों की संख्या संतोषजनक नहीं –राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

लखनऊ ब्यूरो : भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आजादी के अमृत महोत्सव पर यूपी विधानमंडल के दोनों सदनों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने सदन के सभी सदस्यों को चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण है कि लोकसभा के सर्वाधिक सदस्य यूपी से ही चुने जाते हैं। देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश से ही चुनकर बने हैं। उन्होंने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मायावती व मुलायम सिंह यादव के योगदान को भी याद किया और कहा कि प्रदेश के विकास में उनका भी उल्लेखनीय योगदान है। राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे बताया गया कि यूपी विधानसभा में महिला सदस्यों की 47 है जो कि कुल सदस्यों 403 का 12 प्रतिशत है। वहीं, विधान परिषद में कुल 100 सदस्यों में महिलाओं की संख्या सिर्फ पांच है। जिसे और बढ़ाए जाने की जरूरत है। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, परिषद के नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव, विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव समेत सभी सदस्य शामिल हुए। यूपी विधानमंडल ने देश को एक से बढ़कर एक विभूतियां दीः राज्यपाल आनंदी बेन पटेल विधानमंडल के संयुक्त सदन को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि यूपी विधानमंडल ने देश को कई महान विभूतियां दी हैं। देश के वर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश से बड़े पदों पर पहुंचे हैं। हमें अपने गणतंत्र पर गर्व है। राष्ट्रपति का संबोधन विधानमंडल के सभी सदस्यों के लिए मार्गदर्शक साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले– साधारण परिवार से होने के बावजूद सर्वोच्च पद पर पहुंचना गर्व की बात – इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण में राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए यूपी विधानमंडल के दोनों सदनों को संबोधित करने का आग्रह स्वीकार करने के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक साधारण से परिवार में जन्म लेने के बाद देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचना यह भारत के लोकतंत्र के लिए गर्व की बात है। – मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के आठ वर्ष पूरे किए। इस अवसर पर उन्होंने देश को पांच मंत्र दिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आजादी की अमृत महोत्सव का अर्थ आजादी की ऊर्जा का महोत्सव, स्वाधीनता सेनानियों से प्रेरणा का महोत्सव, नये विचारों का महोत्सव,नये संकल्पों का महोत्सव और आत्मनिर्भरता को प्राप्त करने का महोत्सव। अखिलेश यादव बोले– भेदभाव खत्म हुए बिना आजादी का कोई मतलब नहीं – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पहले नेता प्रतिपक्ष व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सदन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति का स्वागत किया और उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं पर यह भी सच है कि भेदभाव खत्म हुए बिना किसी भी आजादी का कोई मतलब नहीं है। भले ही कोई कितने बड़े पद पर पहुंच गया हो पर ऐसा नहीं हो सकता है कि उसने भेदभाव का सामना न किया हो।




## पद्मश्री अरुणिमा सिन्हा ने सपरिवार वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ।पद्मश्री अरुणिमा सिन्हा, ओलंपियन गौरव सिंह, सुनील यादव पूर्व चेयरमैन स्टेट फार्मेसी कौंसिल उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आज विश्व पर्यावरण दिवस पर बरगद के पौधे का वृक्षारोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर विश्व की पहली महिला दिव्यांग एवरेस्ट विजेता, दुनिया की 7 सबसे ऊंची पर्वत चोटियों को फतेह करने वाली पद्मश्री डॉ अरुणिमा सिन्हा, उनके पति ओलंपियन गौरव सिंह और फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष एवं स्टेट फार्मेसी कौंसिल के पूर्व चेयरमैन सुनील यादव ने आज पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कर आम जन को संदेश देते हुए कहा कि सभी को हर मेमोरेबल दिवस पर पौधे लगाने चाहिए । आज एक संदेश प्रसारित करते हुए उन्होंने 'पर्यावरण दिवस पर एक अपील की' कि 'आइये पर्यावरण को स्वच्छ रखें– एक वृक्ष लगाएं'– सुनील यादव प्रकृति हमे बहुत कुछ देती है–हम भी तो कुछ दें याद रखने वाले विशेष दिनों यथा जन्मदिन, शादी की सालगिरह आदि पर एक वृक्ष लगाएं इसके पूर्व श्री यादव ने लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के पार्क में भी पीपल के पेड़ों का रोपड़ किया , साथ मे गोविंद ओझा, अनिल प्रताप सिंह सदस्य फॉर्मेसी कौंसिल, रविन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।



## "विश्व पर्यावरण दिवस" पर आयोजित विधिक साक्षरता शिविर

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी एक्शन प्लान 2022–23 के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के निर्देशन एवं अनुमति से 'विश्व पर्यावरण दिवस' 05 जून 2022 को जिला कारागार, जौनपुर में सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। जागरुकता शिविर में सचिव शिवानी रावत द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कारागार मे वृक्षारोपण की तथा वृक्षों की उपयोगिता बताते हुये उनके द्वारा बताया गया कि पृथ्वी का अस्तित्व स्वच्छ जल एवं वायु से है। ऐसे में पृथ्वी को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के लिये नये वृक्षों को अधिक से अधिक संख्या में लगाया जाना तथा पुराने वृक्षों को संरक्षित किया जाना नितान्त आवश्यक है। जेल अधीक्षक एस0के0 पाण्डेय द्वारा वृक्षों की महत्ता के बारे में बताया कि वृक्षों की हो रही कटाई से प्रदूषण बढ़ने लगा। पर्यावरण पर मनुष्य ही नहीं सभी जीव जंतु, वनस्पतियां आदि पूरी तरह से निर्भर है। स्वच्छ पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है, क्योंकि स्वच्छ पर्यावरण से हमें स्वच्छ जीवन जीने के लिए शुद्ध जल, शुद्ध वायु एवं शुद्ध भोजन उपलब्ध करवाता है साथ ही बन्दियों को विधिक एवं मौलिक अधिकारों की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करायी गयी तथा बताया गया कि ऐसे बन्दी जो अपने वादों में पैरवी हेतु व्यक्तिगत अधिवक्ता करने में अक्षम है वे अपने मामलों में निःशुल्क पैरवी हेतु जेल अधीक्षक के माध्यम से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये जाने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मामलों में पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जायेगा। उन्हें बताया गया कि ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो अपने मामलों में उच्च न्यायालय में अपील करने में अक्षम हों वह कारागार अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकते हैं। शिविर में अधीक्षक जिला कारागार एस0के0 पाण्डेय, डिप्टी जेलर, राजकुमार सिंह, कारागार के कर्मचारीगण एवं बन्दीगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन हिंदू युवा वाहिनी ने हवन पूजन प्रसाद वितरण कर मनाया

आर एल पाण्डेय कन्नौज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन हिंदू युवा वाहिनी ने बड़ी उमंग और उत्साह के साथ महमूदापुर कन्नौज में मनाया। विद्वान पंडितों द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। जनकल्याण के लिए हवन व पूजन किया गया। प्रसाद वितरण किया गया तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण करके रक्षा करने का संकल्प लिया गया ।जल संचय,वायु और मृदा को शुद्ध रखने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह का संकल्प दोहराया गया साथ ही आम जनमानस और युवा पीढ़ी से नशा से दूर रहने का आवाहन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कानपुर प्रांत के सचिव मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर की भी सहभागिता रही ।हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष निर्भय सिंह तोमर, हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने पूर्ण सहयोग किया। सचिव संजय सिंह व समस्त ग्रामीणों और जिले के अन्य गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। समस्त जनमानस में योगी जी की दीर्घायु एवं स्वस्थ आयु की सियाराम जी से प्रार्थना की। इस अवसर पर हिंदू युवा वाहिनी के कार्यालय का शुभारंभ मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर ने किया।



## सनातन धर्म परिषद ने उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर हरदोई का नाम बदलकर "भक्त प्रहलाद नगर कराने की मांग की

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सनातन धर्म परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर स्वामी भगवदाचार्य जी महाराज ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को दिए ज्ञापन में कहा है कि सनातन धर्म परिषद् पंजीकृत अन्तरराष्ट्रीय संस्था है। जिसका मुख्य उद्देश्य आध्यात्मिक ऐतिहासिक, पौराणिक एवं सांस्कृतिक गौरव को पुनः जागृत करना है। परिषद् ने तुलसी जन्मभूमि राजापुर सूकरखेत गोण्डा तथा महर्षि पतंजलि की जन्मभूमि कोडर को प्रतिष्ठापित करने का प्रयास किया है। भगवती सीता का भू–प्रवेश ग्राम भी सीता द्वार श्रावस्ती को प्रकाश में लाने का कार्य किया है। आज से 9 लाख वर्षों पूर्व श्री राम लक्ष्मण एवं जानकी जी ने वनवास के समय जिन मार्गों से वनगमन किया था उन्हीं मार्गों का अनुसरण करके सनातन धर्म परिषद् ने राम वन गमन यात्रा तय की थी और अयोध्या से रामेश्वरम् तक श्रीराम वनगमन मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित कराने का सत्प्रयास गतिशील है। इसी परिपेक्ष्य में आपसे यह भी निवेदन है कि प्राचीनकाल से हिरण्यकश्यपु का सम्बन्ध हरदोई से रहा है। यह स्थल हरिद्रोही से हरद्रोही और कालान्तर में हरदोई के नाम से चरितार्थ हुआ। इस सम्बन्ध में तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे को भी 04.06.2019 को अवगत कराया गया था। यह भी एक सुखद संयोग है कि आप इस समय प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पद पर समासीन है। इधर फैजाबाद से अयोध्या, इलाहाबाद से प्रयागराज का नाम परिवर्तित हुआ है। इससे पूर्व भी अम्बेडकर नगर तथा सन्तकबीर नगर के नाम से जिले का नामकरण किया गया है। आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि भक्त प्रहलाद की जन्मभूमि जनपद हरदोई में बावन विकास खण्ड में स्थित है। यह अत्यन्त समीचीन होगा कि आप हरदोई का नाम प्रहलाद के सम्मान में भक्त प्रहलाद नगर के नाम से कराने का कष्ट करें। इस समय वर्तमान शासन की मन्शा भी यही है कि भारतीय संस्कृति एवं अस्मिता को संरक्षित करने का प्रयास किया जाए। हरदोई जिला का नाम प्रहलाद के सम्मान में बदलकर "भक्त प्रहलाद नगर कराने की कृपा करें। इस कार्य से आप पुण्य एवं यश के भागी होंगे।

## गोस्वामी तुलसीदास ननिहाल भिलौराबासू का नाम बदलकर हुलसीधाम कराने की उठी मांग

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय बहराइच। गोस्वामी तुलसीदास ननिहाल भिलौराबासू का नाम बदलकर हुलसीधाम कराने के संबंध में जिलाधिकारी बहराइच को पत्रोत्तर के माध्यम से यह अवगत कराया गया कि श्रीरामचरितमानस अमर महाकाव्य के प्रणेता गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर सूकरखोत विकासखांड परसपुर तहसील करनैलगंज जनपद गोंडा में और गोस्वामी तुलसीदास जी का ननिहाल लगभग 40 किलोमीटर पश्चिमोत्तर दधिवलकुंड दहौरा भिलौराबासू विकासखंड फखरपुर जनपद बहराइच में स्थित है। गोस्वामी जी ने दोहावली के 496 छन्द में बहराइच का उल्लेख किया है । गोस्वामी जी बचपन में अपने ननिहाल भिलौराबासू से बहराइच मेले में जाया करते थे, जिसका उल्लेख उन्होंने स्वयं किया है। लही आंखि कब आंधरे बांझ पूत कब ल्याइ कब कोढ़ी काया लही जग बहराइच जाइ ।। सनातन धर्म परिषद एवं गोस्वामी तुलसीदास ननिहाल न्यास द्वारा उत्तरोत्तर इस स्थल का विकास किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि दधिवल कुंड दहौरा ताल 12 किलोमीटर तक फैला हुआ है, जो गोस्वामी तुलसीदास के ननिहाल विकासखंड फखरपुर में भिलौरा बासू के किनारे स्थित है। भिलौराबासू नाम तथ्यहीन एवं अनुपयुक्त है । यह सुखद संयोग है कि इस समय आप आध्यात्मिक एवं साहित्यिक अभिरुचि के साथ उच्चकोटि के विद्वान् जिलाधिकारी पद पर समासीन हैं।गोस्वामी तुलसीदास जी का ननिहाल भिलौराबासू का नाम बदलकर गोस्वामी तुलसीदास जी की माता हुलसी के सम्मान में हुलसीधाम कराने की कृपा करें, जिससे गोस्वामी तुलसीदास का ननिहाल हुलसीधाम के रूप में जनमानस में चरितार्थ हो सके। डॉ. स्वामी भगवदाचार्य अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन धर्म परिषद ने उक्त जानकारी दी।

## स्नेहम सेवा संस्थान द्वारा राशन मसाले दवाएं नाश्ते का सामान तेल साबुन कपड़े चादरें परदे आदि किया गया वितरित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। समाजसेवी संस्था स्नेहम् सेवा संस्थान के सभी सदस्यों द्वारा कुछ समय "Paul Mercy Home" में साथ बिताया गया। यहां पर उन महिलाओं और बच्चियों की देखभाल की जाती है जो मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ नहीं है। इनकी देखभाल श्रीमती और श्री पॉल जी अपने बच्चों और सहायकों के सहयोग से पूर्ण समर्पित भाव से करते हैं। पॉल जी ने बताया कि मर्सी होम से अभी तक 185 महिलाएं और लड़कियां अपने घर पहुंचाए जा चुके हैं। स्नेहम सेवा संस्थान द्वारा राशन, मसाले,दवाएं, नाश्ते का सामान,तेल,साबुन, कपड़े, चादरें,परदे आदि वितरित किया गया। इस अवसर पर स्नेहम् परिवार के उपाध्यक्ष पीयूष दुबे ,महासचिव कमलेश चंद्र वर्मा, सदस्या सुदीप्ता सिंह,पारुल शाही, शोना, अनादि भी साथ में उपस्थित रहे। स्नेहम सेवा संस्थान की अध्यक्षा अनीता वर्मा ने सुदीप्ता, पारुल शाही,असद महमूद, संतोष कुमार, मयंक दुर्रानी, रोहित गुप्ता, सुनीता वर्मा, आदित्य चौहान, सुनील सिंह जी का हार्दिक आभार प्रकट किया जिनके योगदान से ये कार्य सुचारू रूप से सफलता पूर्वक संपन्न हो सका। स्नेहम परिवार भविष्य में भी निरंतर इसी तरह से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी और कर्त्तव्य का निर्वहन करता रहेगा।



## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के अन्तर्गत केके सिंह ने किया पौधरोपण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर विस्तार जनसमिति के द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के अन्तर्गत



सुलभ आवास सेक्टर 6 गोमतीनगर विस्तार लखनऊ में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया गोमतीनगर विस्तार जनसमिति के महासचिव के. के. सिंह तथा सुलभ आवास निवासी श्रीमती अंकिता शुक्ला, श्रीमती दीपमाला, श्रीमती दीपलता गुप्ता, श्रीमती संगीता संदीप सिंह संजय गुप्ता तथा अन्य लोगों ने वृक्षारोपण किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बरगद के पौधे का वृक्षारोपण किया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस पर विश्व की पहली महिला दिव्यांग एवरेस्ट विजेता, दुनिया की 7 सबसे ऊंची पर्वत चोटियों को फतेह करने वाली पद्मश्री डॉ अरुणिमा सिन्हा, उनके पति ओलंपियन गौरव सिंह और फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष एवं स्टेट फार्मेसी कौंसिल के पूर्व चेयरमैन सुनील यादव ने आज पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कर आम जन को संदेश देते हुए कहा कि सभी को हर मेमोरेबल दिवस पर पौधे लगाने चाहिए। आज एक संदेश प्रसारित करते हुए उन्होंने 'पर्यावरण दिवस पर एक अपील की' कि 'आइये पर्यावरण को स्वच्छ रखें– एक वृक्ष लगाएं'– सुनील यादव 'प्रकृति हमे बहुत कुछ देती है–हम भी तो कुछ दें' 'याद रखने वाले विशेष दिनों यथा जन्मदिन, शादी की सालगिरह आदि पर एक वृक्ष लगाएं' इसके पूर्व श्री यादव ने लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के पार्क में भी पीपल के पेड़ों का रोपड़ किया , साथ मे गोविंद ओझा, अनिल प्रताप सिंह सदस्य फॉर्मेसी कौंसिल, रविन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।



## समाजसेवी गौ सेवक को अयोध्या विधायक ने एलआईसी बीमा के कागजात को सौंपे

अयोध्या ब्यूरो : सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता रूदौली विधायक रामचंद्र यादव महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण वैश्य नामित पार्षद संजय शुक्ला भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा लल्लू राजन पांडेय भाजपा मंडल युवा मोर्चा महामंत्री ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्म उत्सव कार्यक्रम के तहत अयोध्या में हनुमान कुंड रविदास पंचायती मंदिर के प्रांगण में अयोध्या धाम में दीन दुखियों की निरंतर सेवा करने वाले वा लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने वाले गौ सेवक रितेश मिश्रा को अपने हाथों से भाजपा जिला महा नगर उपाध्यक्ष अश्वनी गुप्ता के द्वारा कराए गए एलआईसी बीमा के कागजात को सौपा, जिससे अब रितेश मिश्रा को हर महीना 1000 मिलेगा और अगर उन्हें कुछ हो जाता है तो 500000 का चेक एलआईसी की तरफ से उन्हें प्रदान किया जाएगा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
जीवन की सबसे बड़ी गलती वही होती हैं जिस गलती से हम कुछ सीख नही पाते।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## चीनी मिल ने नहीं दिए 84 करोड़ : 21000 किसानों के सामने भुखमरी का संकट

बजाज चीनी मिल इटई मैदा उतरौला चालू पेराई सत्र का 840000000 किसानों का गन्ना मूल्य दबाए बैठी है। मिल प्रबंधन ने 22 दिसंबर से किसानों को गन्ना मूल्य का फूटी कौड़ी का भी भुगतान नहीं किया है। मील से जुड़े 21000 किसानों के सामने भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। बकाया भुगतान पाने को किसान दर–दर भटक रहे हैं। किसानों को परिवार का खर्च चलाने के साथ बेटियों की शादी व अन्य कार्य के लिए महाजनों से शुरू पर कर्ज लेना पड़ रहा है।

पेराई सत्र 2021 तथा 22 में बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड यूनिट इटई मैदा उतरौला की तरफ से कुल 27978 किसानों से गन्ने की खरीद की गई थी। पेराई सत्र में मिल प्रबंधन ने किसानों से 3197000 क्विंटल गन्ने की खरीद की थी। सत्र में किसानों से एक अरब 98037000 का गन्ना खरीदा गया था। 12 दिसंबर 2021 तक मिल प्रबंधन ने किसानों को 26 करोड़ 431002 पे का भुगतान किया था। मिल प्रबंधन की तरफ से 20650 किसानों को पेराई सत्र का अभी तक फूटी कौड़ी का भुगतान नहीं किया गया है। मिल प्रबंधन ने 9745 किसानों को गन्ना मूल्य का आंशिक भुगतान किया है। मिल प्रबंधन की तरफ से केवल 1587 किसानों को ही गन्ना मूल्य का संपूर्ण भुगतान दिया गया है। इटई मैदा चीनी मिल उतरौला को गन्ना बेचने वाले किसान नरसिंह बहादुर सिंह शकील अहमद मोहम्मद इरफान राजेश सिंह अभिमन्यु इकरामुद्दीन मायाराम सुमन चौधरी गयासुद्दीन आदि का कहना है कि बकाया मूल्य का भुगतान ना होने से आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। बैंकों तथा साहूकारों से ब्याज वाला कर्ज लेकर परिवार का खर्च हुआ बेटियों की शादी करनी पड़ रही है। बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान पाने के लिए अनेकों बार शासन प्रशासन को पत्र लिखा गया लेकिन मिल प्रबंधन पर भुगतान कराने के लिए कोई दबाव नहीं बनाया गया है। इन लोगों ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से मांग किया है कि मिल प्रबंधन से उनके बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान ब्याज के साथ शीघ्र ही कराया जाए जिससे उनका आर्थिक संकट दूर हो सके। हर साल गन्ना मूल्य का भुगतान करने में आनाकानी करने वाली इटई मैदा चीनी मिल उतरौला के खिलाफ सख्त कार्यवाही करके यह संदेश दिया जाए कि वह किसानों के गन्ना मूल्य का नियमित भुगतान करें।

इस संबंध में जब पत्रकार ने डीसी वो आर एस कुशवाहा से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड यूनिट इटई मैदा उतरौला के प्रबंधन पर पेराई सत्र 2021 तथा 22 में किसानों से खरीदे गए गन्ना मूल्य का भुगतान करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। मिल प्रबंधन को पत्र देकर कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है। किसानों के गन्ना बकाया मूल्य का शीघ्र भुगतान न करने पर मिल प्रबंधन के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

ये लेखक– (डॉक्टर संजय शुक्ला पथिक) के अपनें विचार हैं।

## जीवन बीमा करें या न करें : सुरक्षित जीवन के लिए वृक्षारोपण अवश्य करें–बीपीएम रामप्रताप

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : तहसील सवायजपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आमतारा में भारतीय डाक विभाग में शाखा डाक पाल के पद पर कार्यरत रामप्रताप ने नेहरू युवा मंडल पाली के साथ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु



आर्थिक सहायता कर स्वयं तैयार किये पौधों को भेंट करते हुए लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। आपको बता दें कि नेहरू युवा मंडल पाली की ओर से नित निरंतर सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं। स्वयं इनकी ओर से सामाजिक सेवा कार्यों में आर्थिक व्यय वहन किया जाता है। रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर युवा मंडल के कार्यों से प्रभावित होकर बीपीएम रामप्रताप ने आर्थिक सहायता करते हुए अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने हेतु नेहरू युवा मंडल अध्यक्ष प्रशान्त कुमार ''पीके'' व समस्त समिति की प्रशंसा करते हुए स्वयं तैयार किये हुए नीम,अशोक, पीपल, व पाकड़ के पौधे भेंट कर विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने विभाग में जीवन सुरक्षित करने हेतु बीमा करते हैं उसी प्रकार पृथ्वी पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना भी एक जीवन बीमा ही है। हम सभी का कर्तव्य है कि जीवन को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षों के कटान को रोककर अधिक से अधिक वृक्षारोपण व उनका संरक्षण करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। अध्यक्ष नेहरू युवा मंडल प्रशान्त कुमार ''पीके'' ने बीपीएम रामप्रताप को धन्यवाद देते हुए उनकी मंशा को पूरा करने का पूर्ण आश्वासन दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा कोर स्वयं सेविका श्यामलता ,पुनीत, रंजीत, सौरभ, शिवम, ओम शिव आदि मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण हमारा मौलिक दायित्व–धर्मवीर सिंह चौहान

अयोध्या ब्यूरो : विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सोहावल ब्लॉक के गौरा ब्रह्मनान ग्राम सभा के त्रिलोदकी गंगा के किनारे विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि व सोहावल ब्लॉक द्वारा आयोजित वृहद पौधरोपण के कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या जिला, खण्ड कार्यकारिणी सोहावल, व सोहावल ब्लॉक के गणमान्य नागरिकों द्वारा बरगद, अर्जुन, पाकड़, पीपल आदि पौधो रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में जिला पर्यावरण संयोजक धर्मवीर सिंह चौहान ने पर्यावरण संरक्षण को अपना मौलिक दायित्व बताते हुए सभी को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया तथा उपस्थित जनों से सभी मांगलिक कार्यक्रमों, जन्मदिन के अवसर, पित्रपक्ष, पुत्र–पुत्री के जन्म, विवाह, वैवाहिक वर्षगाँठ आदि सभी अवसरों पर एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी पर्यावरण संरक्षण व सँवर्द्धन के प्रति गम्भीर न हुए तो निकट भविष्य ऑक्सिजन का सिलेंडर लेकर सफर करना पड़ेगा। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए बीकापुर के विधायक डॉ.अमित सिंह चौहान ने सभी से एक–एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने व अनावश्यक पेड़ों के न काटने की अपील की। कार्यक्रम में बीडीओ सोहावल, मंडल अध्यक्ष भाजपा अरुण तिवारी, खण्ड पर्यावरण संयोजक ओमकार, सह खण्ड कार्यवाह सूरज चतुर्वेदी, प्रचारक विशाल, नंद कुमार, राजा सिंह, पंकज मिश्रा, अर्जुन सिंह, सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, नंद कुमार सिंह, रमेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, धन्ना सिंह, पंकज मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## बिना इंटरनेट मोबाइल पर देख पाएंगे लाइव वीडियो : फिल्में और क्रिकेट : कैसे क्रांति लाएगी D2M टेक्नोलॉजी

ठाणे ब्यूरो अमित कुमार पाण्डेय : आने वाले दिनों में आप बिना इंटरनेट कनेक्शन के ही वीडियो, क्रिकेट, फिल्में और अन्य मल्टीमीडिया कंटेंट सीधे अपने मोबाइल पर देख सकेंगे। ऐसा डायरेक्ट–टू–मोबाइल यानी D2M ब्रॉडकास्टिंग टेक्नोलॉजी के जरिए संभव होगा।डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्यूनिकेशन यानी DoT और देश का पब्लिक सर्विस ब्रॉडकास्टर प्रसार भारती इस पर काम कर रहे हैं। DoT ने पिछले साल ही IIT कानपुर के साथ इस टेक्नोलॉजी की टेस्टिंग के लिए साझेदारी की थी। DoT ने इसके लिए एक कमेटी भी गठित की है। ऐसे में चलिए जानते हैं कि आखिर क्या है ये D2M टेक्नोलॉजी? आखिर कैसे बिना इंटरनेट डायरेक्ट मोबाइल पर होगा वीडियो का प्रसारण? कैसे ये टेक्नोलॉजी मोबाइल की पूरी दुनिया ही बदल देगी? आगे बढ़े इससे पहले इससे जुड़े एक पोल में हिस्सा ले लीजिए। आखिर क्या है डायरेक्ट–टू–मोबाइल ब्रॉडकास्ट? डायरेक्ट–टू–मोबाइल ब्रॉडकास्ट यानी D2M का मतलब है वीडियो और अन्य मल्टीमीडिया कंटेंट को सीधे आपके मोबाइल पर ब्रॉडकास्ट या प्रसारित करना। सीधे शब्दों में कहें तो बिना, इंटरनेट, केबल या DTH के ही आपको मोबाइल फोन में सीधे न्यूज, क्रिकेट आदि के वीडियो प्रसारण की सुविधा मिल जाएगी। साथ ही बिना इंटरनेट सीधे आपके फोन पर फिल्मों से लेकर हॉटस्टार, सोनी लिव, जी फाइव, अमेजन प्राइम और नेटफ्लिक्स जैसे ओवर द टॉप कंटेंट समेत अन्य मल्टीमीडिया कंटेट प्रसारित किए जा सकेंगे। यह कुछ उसी तरह होगा जैसे लोग अपने फोन पर FM रेडियो सुनते हैं, जिसमें फोन के अंदर मौजूद रिसीवर रेडियो फ्रीक्वेंसी में बदलाव कर देता है। इससे लोग एक ही फोन पर कई FM चैनल सुन सकते हैं। इसी तरह D2M के जरिए मल्टीमीडिया कंटेंट को भी फोन में सीधे ब्रॉडकास्ट किया जा सकेगा। दरअसल, ये टेक्नोलॉजी ब्रॉडबैंड और ब्रॉडकास्ट को मिलाकर बनेगी। क्या हैं डायरेक्ट–टू–मोबाइल के फायदे इस टेक्नोलॉजी से बिना इंटरनेट कनेक्शन सीधे मोबाइल फोन पर लाइव न्यूज, स्पोर्ट्स और OTT कंटेंट का प्रसारण किया जा सकेगा। खास बात ये है कि सीधे फोन में प्रसारित होने वाले वीडियो और अन्य मल्टीमीडिया कंटेंट बिना बफरिंग के अच्छी क्वॉलिटी में प्रसारित होंगे, क्योंकि इसमें कोई इंटरनेट डेटा ही नहीं लगेगा। इस टेक्नोलॉजी का सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि नागरिकों से जुड़ी किसी खास जानकारी को सीधे उनके मोबाइल में प्रसारित किया जा सकेगा, जिससे फेक न्यूज रोकने, इमरजेंसी अलर्ट जारी करने और आपदा प्रबंधन में सहायता करने में मदद मिलेगी। कंज्यूमर्स को बहुत कम कीमत में मिलेगा माना जा रहा है कि D2M टेक्नोलॉजी मोबाइल कंज्यूमर्स की दुनिया ही बदल देगी। इससे वे बिना कोई मोबाइल डेटा खर्च किए ही वीडियो ऑन डिमांड यानी VoD या OTT कंटेंट को सीधे अपने मोबाइल पर पा सकेंगे। सबसे खास बात उन्हें ये सुविधा बेहद कम कीमत में मिलेगी। इससे ग्रामीण इलाकों में मौजूद वे मोबाइल कंज्यूमर्स भी आसानी से वीडियो कंटेंट देख पाएंगे, जिनके पास इंटरनेट की सुविधा नहीं है या सीमित है। बिजनेस को कैसे होगा फायदा इसका सबसे बड़ा फायदा टेलिकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को हो सकता है। जो D2M टेक्नोलॉजी से वीडियो ट्रैफिक को अपने मोबाइल नेटवर्क से ब्रॉडकास्ट नेटवर्क पर ऑफलोड कर सकते हैं। इससे उन्हें कीमती मोबाइल स्पेक्ट्रम को बचाने में मदद मिलेगी। इससे मोबाइल स्पेक्ट्रम के उपयोग में सुधार होगा और बैंडविड्थ पर दबाव घटेगा, जिससे कॉल ड्राप को घटाने और डेटा स्पीड को बढ़ाने में मदद मिलेगी। सूचना प्रसारण मंत्रालय के सेक्रेटरी अपूर्व चंद्रा का कहना है कि डायरेक्ट–टू–मोबाइल यानी D2M से ब्रॉडकास्टर्स को फायदा होगा क्योंकि उन्हें नए ऑडियंस मिलेंगे। अभी देश में ब्रॉडकास्टिंग के कंज्यूमर्स की संख्या केवल 20–21 करोड़ उन घरों तक ही सीमित है, जिनके पास टेलीविजन हैं। डायरेक्ट–टू–मोबाइल टेक्नोलॉजी आने से ब्रॉडकास्टर्स के कंज्यूमर्स की संख्या कई गुना बढ़ जाएगी, जो आने वाले कुछ सालों में 100 करोड़ तक पहुंच सकती हैं, जो कि 2026 तक देश में स्मार्टफोन यूजर्स की संख्या होगी। चंद्रा का मानना है कि क्2ड से लोगों की देखने की आदत बदलेगी और देश में न्यूज देखना कई गुना बढ़ जाएगा। हर मिनट कई लाख मिनट के वीडियो देखे जाते हैं भारत दुनिया में सबसे ज्यादा इंटरनेट यूजर्स वाले देशों में शामिल है। सूचना प्रसारण मंत्रालय के अनुसार, देश में 1.2 अरब मोबाइल फोन हैं, जिनमें से करीब 75 करोड़ स्मार्टफोन हैं। देश में 80: से ज्यादा इंटरनेट यूजर्स अपने मोबाइल पर इंटरनेट एक्सेस करते हैं। भारत में 82% इंटरनेट ट्रैफिक वीडियो का है। देश में हर सेकेंड 10.1 लाख मिनट के वीडियो देखे जाते हैं, जोकि एक महीने में 60 अरब डीवीडी देखे जाने के बराबर है। हर महीने 240.2 एक्साबाइट या करीब 240.2 अरब गीगाबाइट डेटा इस्तेमाल होता है। लाइव इंटरनेट वीडियो का ट्रैफिक 2017–2022 के दौरान 15 गुना बढ़ा। कोरोना महामारी के दौरान हेल्थ, एजुकेशन जैसे विषयों से जुड़े वीडियो का कंजप्शन तेजी से बढ़ा है। सरकार उठा रही है D2M टेक्नोलॉजी के लिए कौन से कदम? DoT ने सीधे यूजर्स के स्मार्टफोन में ब्रॉडकास्ट सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले स्पेक्ट्रम बैंड की संभावनाओं को तलाशने के लिए एक कमेटी गठित की है। क्वज और प्रसार भारती ने इसके लिए IIT कानपुर से साझेदारी की है। DoT के सेक्रेटरी के राजारमन का कहना है कि बैंड 526–582 मेगाहर्ट्ज मोबाइल और ब्रॉडकास्ट दोनों सर्विसेज के लिए काम कर सकता है। क्वज ने इस बैंड की स्टडी के लिए एक कमेटी गठित की है। अभी इस बैंड का इस्तेमाल सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से देशभर में टीवी ट्रांसमीटर्स के लिए हो रहा है। 5G ब्रॉडबैंड और ब्रॉडकास्ट के मिलने से होगी क्रांति D2M टेक्नोलॉजी ब्रॉडबैंड और ब्रॉडकास्ट के कनवर्जेंस यानी मिलन से तैयार होगी। हाल ही में दिल्ली में हुए 'डायरेक्ट–टू–मोबाइल एंड 5जी ब्रॉडबैंड कनवर्जेंस रोडमैप फॉर इंडिया' सम्मलेन में हिस्सा लेते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि डायरेक्ट–टू–मोबाइल और 5जी ब्रॉडबैंड के कनवर्जेंस यानी मिलन से भारत में ब्रॉडबैंड और स्पेक्ट्रम के इस्तेमाल में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के अपग्रेड होने से अब ब्रॉडबैंड सर्विसेज के लिए ब्रॉडकास्टिंग सर्विसेज और ब्रॉडकास्टिंग सर्विसेज के लिए ब्रॉडबैंड सर्विसेज देना संभव हो गया है। D2M टेक्नोलॉजी के सामने कौन सी चुनौतियां हैं अपूर्व चंद्रा का कहना है कि डायरेक्ट–टू–मोबाइल टेक्नोलॉजी आने से ब्रॉडकास्टिंग के ट्रेडिशनल प्लेटफॉर्म जैसे केबल और DTH सेक्टर पर काफी असर पड़ेगा, क्योंकि D2M में प्रसारण बिना किसी इन्टरमीडियरी यानी बीच के किसी मीडियम के सीधे घरों में होगा, जो कि बहुत बड़ा बदलाव होगा। प्रसार भारती के CEO शशि शेखर वेम्पति का कहना है कि ये टेक्नोलॉजी अभी बहुत ही शुरुआती स्तर पर है। उनका कहना है कि D2M टेक्नोलॉजी को बड़े स्तर पर लॉन्च करने के लिए सबसे बड़ी चुनौती मोबाइल ऑपरेटर्स समेत इससे जुड़े महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर्स को साथ लाने की होगी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सेक्रेटरी अपूर्व चंद्रा का कहना है कि बड़े पैमाने पर इस टेक्नोलॉजी को शुरू करने में इंफ्रास्ट्रक्चर और कुछ नियमों में बदलाव करने पड़ेंगे।

## मुरबाड तहसील अंतर्गत आदिवासी क्रांतिकारी बिरसा मुंडा स्मारक का चाफेवाडी में आमदार पांडुरंग बा अरोरा के हाथों उद्घाटन संपन्न

ठाणे ब्यूरो अमित कुमार पाण्डेय : महाराष्ट्र के जनपद थाना के मुरबाड तहसील के अंतर्गत आदिवासी क्रांतिकारी बिरसा मुंडा इनके स्मारक का चाफेवाडी में उद्घाटन माननीय आमदार पांडुरंग परोरा जी के हाथों संपन्न हुआ रविवार 5 जून 2022 ग्राम पंचायत पाठ गांव पठार अनिल चौबे वाडी गांव देवी क्रिकेट संघ ने आदिवासी समाज में एक आदर्श स्थापित करते हुए क्रांतिकारी क्रिकेट संघ ने अपने क्रिकेट खेलकर अनेकों बार पहला इनाम पाकर जो अर्थ इकट्ठा किए थे उस अर्थ को कहां पर खर्च किया जाए ऐसा विचार सभी टीम मेंबर ने किया इसके निर्णय पश्चात आदिवासी क्रांतिकारी धरती पर जन्म में कृषि मुंडा इनके स्मारक बनाने की चाहत लोगों ने जाहिर की आज सबसे पहले शुरुआत आदिवासी सहयाद्री ठाकुर संगठन महाराज राज्य अध्यक्ष माननीय पांडुरंग बरोदा जिला पंचायत अध्यक्ष सुभाष पवार इनके हाथों क्रांतिकारी का भोजन करके नवीन बिरसा मुंडा इनके स्मारक का अनावरण किया गया आदिवासी संघ के उपाध्यक्ष सुभाष पवार एवं ने अपने भाषण के माध्यम से लोगों को बताया कि 400 पुत्र के स्मारक के लिए और तीन लाख मंडप के लिए दिए गए और सभी आदिवासी समाज एकजुट होकर कार्य करने का आवाहन किया हमारे संवाददाता जनार्दन जी के अनुसार कार्यक्रम में माननीय आमदार पांडुरंग परोरा जिला पंचायत अध्यक्ष सुभाष पवार माननीय जिला पंचायत



सदस्य संकरखोल का उपसभापति भगवान भला जिला पंचायत सदस्य गोविंद गोविंद भला कर्जत उपसभापति वैजयंती हिंद मुरबाड तालुका आदिवासी समाज संगठन अध्यक्ष रघुनाथ खारक कमलाकर हुई दादा–दादी रायगढ़ जिला अध्यक्ष मानु निर्गुण माननीय सभापति जनार्दन पाटील मीनाताई हरीश चंद्र गुरु का द्वार मनोहर पाटिल गजानन कटारी जानू निर्गुण दिगंबर रमेश सुनील मालू जी मोहन भला वसंत डोले पंडित उघडे जयतु पारदी आदि गणमान्य उपस्थित रहकर आदिवासी क्रांतिकारी समाज के गणमान्य समाज के गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर उनके स्मारक का अनावरण किया।

## बांग्लादेश में कंटेनर डिपो में भीषण आग : अब तक 16 लोगों की मौत एवं 450 से अधिक झुलसे

ठाणे ब्यूरो अमित कुमार पाण्डेय : दक्षिणपूर्वी बांग्लादेश में एक निजी कंटेनर डिपो में विस्फोट के कारण लगी भीषण आग में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 450 से अधिक लोग झुलस गए। अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा बंदरगाह चटगांव से 40 किलोमीटर दूर सीताकुंडू में शनिवार रात एक कंटेनर में आग लगने से हुई। विज्ञापन पुलिस और दमकल कर्मियों सहित सैकड़ों लोग झुलस गए शनिवार की रात चटगांव के सीताकुंडा उपजिला के कदमरासुल इलाके में स्थित बीएम कंटेनर डिपो में आग लग गई। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, डिपो में आग लगने और उसके बाद हुए विस्फोटों में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि पुलिस और दमकल कर्मियों सहित सैकड़ों लोग झुलस गए। इस घटना में 450 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कम से कम 350 सीएमसीएच में हैं। अस्पतालों में मरने वालों की संख्या अधिक हो सकती है चटगांव में स्वास्थ्य और सेवा विभाग के प्रमुख इस्ताकुल इस्लाम ने कहा कि अन्य अस्पतालों में मरने वालों की संख्या अधिक हो सकती है। वहीं अग्निशमन सेवा के सूत्रों के अनुसार, घटना के दौरान उनके तीन कर्मचारियों की भी मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

## खौफनाक हादसा : आर्थिक तंगी से परेशान एक ही परिवार के 5 लोगों ने की खुदकुशी

ठाणे ब्यूरो अमित कुमार पाण्डेय : समस्तीपुर, बिहार मे समस्तीपुर जिले के विद्यापति नगर थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के पांच लोगों ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मऊ धनेशपुर गांव स्थित एक घर से पांच लोगों का शव बरामद किया है। मृतकों की पहचान मनोज झा (42 ), उसकी पत्नी सुंदर मणि देवी (38 ), मां सीता देवी (65 )पुत्र सत्यम (10 ) एवं शिवम (07 ) के रूप में की गयी है।घटना की सूचना मिलते ही दलसिंहसराय के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिनेश कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस की एक विशेष टीम घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

## नाइजीरिया के एक चर्च में "पेटेकोस्ट सन्डे" सेलिब्रेशन के दरमियान बड़ा हमला : 50 से अधिक के मारे जाने की सुचना

ठाणे ब्यूरो अमित कुमार पाण्डेय : नाइजीरिया से समाचार एजेंसी एपी के द्वारा एक बड़ी खबर आ रही है कि यहाँ के दक्षिणी पश्चिमी इलाके में स्थित ओवो शहर के सेंट फ्रांसिस चर्च के अन्दर चल रही प्रार्थना सभा के दरमियाना अज्ञात हमलावरों द्वारा ताबड़तोड़ फायरिंग किया गया है। इस गोलीबारी में 50 से अधिक लोगो के मारे जाने का समाचार स्थानीय मीडिया द्वारा दिया जा रहा है। मृतकों में बच्चे भी शामिल बताये जा रहे है। मीडिया रिपोर्टस से मिल रही जानकारी के अनुसार ओवो शहर में सेंट फ्रांसिस चर्च के अन्दर प्रार्थना सभा चल रही थी। इसी दरमियान अचानक कुछ हमलावर अन्दर घुस आये और उन्होंने ताबड़तोड़ गोलियां चलाना शुरू कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस दरमियान हमलावरों ने चर्च के अन्दर विस्फोट भी किया। घटना के बाद चर्च से कई घायलों को निकाल कर इलाज हेतु भेजे जाने की जानकारी हासिल हो रही है। मृतकों की संख्या और घायलों की संख्या पर अभी कोई अधिकारिक बयान सामने नही आया है। मीडिया रिपोर्टस में बताया जा रहा है कि आज "पेटेकोस्ट सन्डे" त्यौहार चर्च में मनाया जा रहा था और हर तरफ खुशियाँ ही खुशियाँ बिखरी थी कि इसी अचानक ये चीख पुकार में बदल गई। आधिकारिक तौर पर नाइजीरियाई प्रशासन ने मृतकों की संख्या को लेकर कोई पुष्टि नहीं की है लेकिन स्थानीय मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक मरने वालों की संख्या पचास से कहीं ज्यादा है। ये हमला किसने और क्यों किया इसकी भी कोई जानकारी नहीं है। अभी तक किसी संगठन ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। ये किसी स्थानीय ग्रुप का काम है या कोई आतंकी हमला इस बारे में भी प्रशासन साफ तौर पर कुछ भी कहने से बच रहा है। ओवो शहर के जन प्रतिनिधि ओलुवोले ने इस घटना को लेकर कहा है कि ओवो के इतिहास में इतनी भयानक और क्रूर घटना कभी नहीं घटी।

## रफ्तार का कहर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत : परिवार में मचा कोहराम

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : घटना बल्दीराय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम दोलतपुर की जहां पर उस गांव के निवासी हरिश्चन्द्र पाठक पुत्र देव राम पाठक आयु सत्तावन वर्ष सामान लेने बाजार गये हुए थे । लौटते समय रास्ते में उन्हे पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उन्हें गम्भीर चोट लग गयी । परिजन उन्हे नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। हालत को देखते हुए उन्हे जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डाक्टरों की टीम ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम के ले भेज दिया । मृतक की पंत्नी रेखा , पुत्र रोहित , और दो पुत्री रेखा और रीना का रो रो कर बुरा हाल है।

## कुमार केशव ने किताब प्रेमियों के लिए हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर 11 दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : कुमार केशव, प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने लखनऊ मेट्रो के हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों के लिए पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यूपीएमआरसी एवं रेपर्टवा के सामूहिक प्रयास से लगी इस पुस्तक प्रदर्शनी का समापन 14 जून 2022 को होगा। 11 दिनों तक चलने वाली इस पुस्तक प्रदर्शनी के दौरान पुस्तक प्रेमी अपने पसंद की किताबें खरीद सकते हैं। पुस्तक प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद यात्रियों के लिए म्यूजिक बैंड का भी आयोजन किया गया। पुस्तक प्रेमियों के पुस्तक खरीदने के अनुभव को म्यूजिक बैंड के बीट बॉक्सर ने और भी खुशनुमा बना दिया। म्यूजिक बैंड की प्रस्तुत कर रहे बीट बॉक्सर ने सिर्फ अपने मुंह का इस्तेमाल कर गानों में म्यूजिक दिया जो कई यात्रियों के लिए नवीनतम एहसास रहा। कुमार केशव ने पुस्तक प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद कहा कि पुस्तक प्रेमियों के लिए विभिन्न विषयों पर विविध विधाओं जैसे कथा साहित्य, उपन्यास, कविता



संग्रह, निबंध संस्मरण, जीवनी आदि पर पुस्तकें एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। हमारा हमेशा से ही प्रयास रहता है कि यात्रियों को विश्व स्तरीय यात्रा उपलब्ध कराने के साथ उनके यात्रा के एहसास को और भी खास बनाया जाए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर ने लगाई फांसी : मौत

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : किशोर का शव फंदे से लटकता मिला,कमरे का दरवाजा तोड़कर शव उतारा गया। एक किशोर ने अपने लिए मौत का रास्ता चुना। बताया जा रहा है कि मां ने बेटे से मोबाइल छीन लिया था जिससे क्षुब्ध होकर उसने कमरे में जाकर फांसी का फंदा लगाया और उस पर झूल गया।परिवारीजनों ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और सीएचसी पहुंचाया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।जानकारी के अनुसार घटना बल्दीराय थाना क्षेत्र के विश्राम सिंह मजरे हैधनाकला गांव की है। गांव निवासी सचिन पाल उर्फ शुभम उम्र लगभग (16) वर्ष ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया है। सचिन की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि सचिन की मां ने उससे मोबाइल ले लिया था।इसी बात से नाराज होकर वो अपने कमरे में चला गया। उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद उसने छत के कुंदे पर रस्सी से फांसी का फंदा लगाया और लटक गया, जिससे उसकी मौत हो गई।काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आया तो परिजन उसके कमरे पर पहुंचे जहां सचिन का शव फंदे पर लटक पाया। परिजनों ने तत्काल उसे उतारा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। इसकी जानकारी बल्दीराय पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# बयालसी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बयालसी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जलालपुर जौनपुर में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन अलग–अलग विभागों द्वारा किया गया। भूगोल विभाग ने संगोष्ठी आयोजित कर छात्रों को प्रकृति पर्यावरण एवं पृथ्वी के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। विश्व पर्यावरण दिवस पृथ्वी एक के संदर्भ में मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्रों ने परिसर में वृक्षारोपण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आनंद शंकर चौधरी ने वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण के विषय पर विस्तृत संबोधन करते हुए कहा कि पृथ्वी एवं प्रकृति हमें संदेश दे रहे हैं कि अब एक साथ मिलजुल कर सोचना होगा। चाहे राज्य हो गांव हो या देश व एक कुटुंब की तरह है। उस कुटुंब को पृथ्वी ही पालती है। प्रकृति ही उनकी सबसे बड़ी सहायक है। प्राचीन काल में पशु–पक्षी, वृक्ष, नदी एवं पर्वत को धर्म से



जोड़कर संरक्षण प्रदान किया जाता था। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव डॉ विजय प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। महाविद्यालय परिसर में डॉ. अलकेश्वरी सिंह, डॉ. अखिलेश चंद सेठ, डॉ संजय नारायण सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार, श्री जगत नारायण, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जेसीआई जौनपुर ने बनाया जेसीआई गार्डेन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर की अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रविवार को संस्था के जेसी बालवाड़ी स्कूल में बहुत सारे पौधे लगाकर एक जेसीआई गार्डेन बनाया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अघतिथि प्रांत पर्यावरण प्रमुख आरएसएस कृष्ण मोहन ने अपने हाथों से पौधा लगाकर इसका शुभारम्भ किया और समस्त जेसीआई परिवार ने सहयोग किया। इसके पश्चात् डा. संदीप पाण्डेय की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित हुई जिसमें उन्होंने सर्वप्रथम मुख्य अतिथि और सभी सम्मानितजन का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में जोधपुर के महाराज द्वारा हरे पेड़ों को काटने से बचाने के लिये कैसे अमृता देवी ने अपनी तीन बेटियों के साथ अपने प्राण त्याग दिये, इस कहानी का उल्लेख करते हुए यह बताया कि हमें आज के इस आधुनिक परिवेश में संकल्प लेकर पेड़ों की रक्षा करनी होगी। संस्था के पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने कहाघ् कि विश्व के कई देशों और भारतवर्ष के प्रत्येक अध्याय में



जेसीआई संस्था आज पर्यावरण दिवस मना रही है। पूर्व मण्डलाध्यक्ष आलोक सेठ ने इस कार्यक्रम की सराहना की। मण्डल उपाध्यक्ष गौरव सेठ ने जेसीआई द्वारा बनाये गये इस गार्डेन की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में संस्थाध्यक्ष संदीप पाण्डेय ने सभी पूर्व अध्यक्षों के साथ मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर घजिला पर्यावरण प्रमुख नारायण दास, संजय बैंकर, राकेश जायसवाल, रत्नेश गुप्ता, शशांक सिंह रानू, सर्वेश जायसवाल, दिलीप सिंह, कृष्ण गोपाल, अतुल जायसवाल, विशाल तिवारी, प्रदीपघ् सिंह, रमेश श्रीवास्तव, सौरभ बरनवाल, दिलीप जायसवाल, भरत सेठ, हाफिज शाह, आकाश केसरवानी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव प्रदीप जायसवाल ने किया।

# कमजोर बूथ पर ए बी सी कैटेगरी बनाकर अभी से करें मेहनत : पुष्पराज सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी मिशन 2024 की तैयारी को लेकर 31 जुलाई तक बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाएगी। उसी के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने सेवा, सुशासन तथा गरीब कल्याण के लिए समर्पित आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सफलतम् 8 वर्ष पूर्ण होने पर आज बूथ सम्पर्क अभियान का शुभारंभ जौनपुर विधानसभा के दक्षिणी मण्डल के नागरिकों से सम्पर्क कर आदरणीय मोदी जी के उपलब्धियों पर चर्चा कर के पत्रक का वितरण किया। सम्पर्क करते हुये कार्यकर्ताओ में जोश भरते हुये कहा कि कमजोर बूथ पर अभी से मेहनत करनी होगी उन्होंने पदाधिकारियों को बताया की जिन बूथों पर हम विधानसभा के चुनावों में कमजोर रहे हैं हमें उन बूथों पर कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। कुछ बूथ अभी भी ऐसे हैं जहां हमें थोड़ी ज्यादा मेहनत करने पर अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने कहा हर विधानसभा क्षेत्र से ऐसे बूथ खोजें जिन



पर पार्टी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्ही बूथों पर काम करके उन्हें मजबूत करना है। बूथों को सी ग्रेड से बी और बी से ए ग्रेड में लाना है। उक्त अवसर पर नगर दक्षिणी की मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, कमलेश निषाद, अभिषेक श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, राजेश कन्नौजिया आदि उपस्थित रहे।

# किसान मोर्चा भाजपा ने फलदार वृक्ष तालाब की सफाई और किसानों को सम्मानित कर पर्यावरण दिवस मनाया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी जौनपुर का किसान मोर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 8 वर्ष पूरे होने पर कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक भूमिका निभाने वाले, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को फलीभूत करने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि प्रगतिशील किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 8 वर्ष पूरे होने पर उनके द्वारा राष्ट्रीय हित में किए गए कार्यों और उनकी महती भूमिका के लिए सम्मान पत्र देकर उन्हें सम्मानित करेगा. इसके साथ ही किसान मोर्चा नरेंद्र मोदी के द्वारा किसानों की आय को दोगुना करने के लिए और आत्मनिर्भर किसान बनाने हेतु किसान हितेषी कार्यक्रमों– प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वाइल हेल्थ कार्ड योजना, प्रधानमंत्री क्रेडिट कार्ड योजना, नीम कोटेड यूरिया योजना एवं एफपीओ का जनपद स्तर तक सूचना पहुंचाने का काम करेगा ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान भाई इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। इसके पूर्व जिले का पांचों विधानसभा में किसान मोर्चा



के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में एव जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा के नीरज मौर्य के संयोजकत्व में कार्यकर्ताओं ने तालाब के सफाई का कार्य कर सुंदरीकरण किया गया और किसान मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा फलदार वृक्ष लगाया गया।जिसमें मुंगराबादशाहपुर विधानसभा में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी बालकृष्ण पाण्डेय, मल्हनी विधानसभा में जिला उपाध्यक्ष संदीप सरोज और बदलापुर विधानसभा में विधायक प्रतिनिधि और पूर्व मण्डल अध्यक्ष गंगा प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर इन्द्रसेन सिंह, ज्ञान त्रिपाठी, बृजलाल मौर्य, घनश्याम यादव, दुर्गेश मिश्रा, संजय सिंह, अंकित सिंह, डीके सिंह, महेंद्र सिंह, राम सिंह, सर्वजीत बिन्द आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता पाणिनी सिंह की माता का इलाज के दौरान निधन



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व चेयरमैन कोऑपरेटिव बैंक पाणिनी सिंह की मां उमा सिंह 91वर्ष की आयु में शनिवार की सुबह प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया।वे काफी दिनों से बीमार चल रही थी। इनके पति स्व डा. केदारनाथ सिंह जिले के वरिष्ठ चिकित्सक थे। इनके दो पुत्र व पुत्र वधु अमेरिका व इंग्लैंड में चिकित्सक हैं। मौत की खबर सुनते ही इनकी ओलदगंज स्थित आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।इनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव खुनसापुर के ही सई नदी के किनारे स्थित घाट पर किया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र पाणिनी सिंह ने दी। उनके निधन पर पूर्व सांसद हरिवंश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष फैसल हसन, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चाचा राजेश कुमार सिंह सहित आदि ने पहुंचकर शोक व्यक्त किया। माँ की मौत की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी फोन कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# मानव जीवन के लिए संजीवनी है पेड़–पौधे : अरविन्द पटेल



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वृक्ष मानव जीवन के लिए संजीवनी है।सदियों से ऋषि–मुनियों ने मानव जीवन के साथ पशु–पक्षियों के लिए पेड़–पौधों को लगाकर उनकी पूजा–अर्चना शुरू की।उक्त बातें सिरकोनी विकास क्षेत्र के कजगाँव में सरदार सेना के जिलाध्यक्ष के द्वारा सरदार सेना के बैनर तले विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित पौध रोपण कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल ने कही।उन्होंने आगे कहा कि सनातन धर्म में पीपल,नीम आदि पेड़ों की पूजा इस लिए की जाती है कि यह पेड़ मानव जीवन के साथ पशु–पक्षियों के जीवन को प्रति दिन ऑक्ष्सीजन के रूप में संजीवनी प्रदान करते हैं।पीपल के पेड़ से सबसे अधिक मात्रा में मानव जीवन को श्रोत ऑक्सीजन प्राप्त होता है इस लिए प्रत्येक मानव की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि स्वयं जीवन रक्षा हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगायें उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थल पर पीपल का पेड़ अवश्य लगाएं और स्वस्थ व निरोग रहे। इस दौरान आम,नीम व पीपल के दर्जनों पौधे लगाये गये।इस अवसर पर वृजेन्द्र कुमार पटेल,शाहआलम अन्सारी,राहूल यादव,अरून गौड़,विकास पटेल,सुप्रिया पटेल,सुर्याश पटेल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पीयू में रोपे गए 51 पौधे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर रोवर्स रेंजर्स, मिशन शक्ति ,राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा छात्रावास मार्ग पर 51 पौधे




लगाकर की गई। रोवर्स रेंजर्स ने नीम, पीपल, कामिनी, बरगद आदि के पौधे लगाए। साथ में रोवर्स रेंजर्स एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा 151 पौधों का संरक्षण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परीक्षा नियंत्रक वी एन सिंह ने पेड़ के प्रति अपना स्नेह प्रकट किया। कहा कि पेड़ पौधे हमें आहार से लेकर संगीत तक सब कुछ प्रदान करते हैं। पेड़ से जीवन में एक बेहद सुकून का वास होता है। पेड़ पौधे हम सब से बातें भी करते हैं। जब हम पेड़ पौधों के बेहद करीब रहते हैं तो सब कुछ महसूस कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वित्त अधिकारी, संजय कुमार राय ने कहा वृक्ष लगाने से ज्यादा बेहतर है पेड़ संरक्षण। इससे हम सब पृथ्वी का संरक्षण कर सकते हैं। संतुलित पर्यावरण है तो समस्त जीव जंतु बढ़ते तापमान में संरक्षित रह सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन रोवर्स रेंजर्स संयोजक डा. जगदेव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉघ् विनय वर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ मनीष गुप्ता, डॉ.आलोक दास एवं छात्र पप्पू ,सुशील यादव, उत्कर्ष वर्मा ,अम्बरीश मिश्रा अभय प्रजापति, अनुराग यादव आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# निर्वाण दिवस पर भंडारे का आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता डॉ इन्द्रसेन श्रीवास्तव की पत्नी स्वर्गीय श्री लालमणि श्रीवास्तव के निर्वाण दिवस 5 जून को सन्ध्या तारा इन टावर



पॉलीटेक्निक चौराहे पर भण्डारे का आयोजन किया गया।इस अवसर पर भारी संखया में पहुचे सुभेक्षुओ ने भंडारे में पहुच कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष नीलमणी श्रीवास्तव महामंत्री सुरेश अस्थाना प्रदेश सचिव राकेश श्रीवास्तव साधु प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव प्रदेश सचिव श्रीकांत श्रीवास्तव महिला प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ अंजना श्रीवास्तव,कर्मचारी नेता राकेश श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, आनंद मोहन श्रीवास्तव, रामसेवक यादव,प्रमोद मिश्रा, संजय अस्थाना आईटीवी हिंदुस्तान के संपादक संजय श्रीवास्तव राजीव श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव सहित शहर के तमाम गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

# पेड़–पौधे मनुष्य जीवन के लिए है सहायक– राकेश कुमार श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मनुष्य ईश्वर की सर्वोत्तम सृष्टि है।प्रकृति के सारे वरदान उसके लिए ही हैं।धरती आकाश के मध्य जीवन का संरक्षण इन्हीं वरदानों से संभव होता है।इतना ही नहीं,धरती आकाश हमारे माता–पिता हैं,देव हैं क्योंकि माता पिता के बाद पेड़ पौधे भी हमारे जीवन मे बहुत सहायक है, हमारा संरक्षण वे करते हैं अतःहमें भी अच्छी संतान बनकर पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए, उक्त बातें अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव व जिलाध्यक्ष जौनपुर राकेश श्रीवास्तव ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए कही। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं संगत पंगत ने शिवापार स्तिथ सरस्वती चिल्ड्रेन एकेडमी में विश्व पर्यावरण दिवस एवं माननीय मुख्यमंत्री उ.प्र. योगी आदित्यनाथ जी के जन्मदिवस के अवसर पर अपने पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ वृहद पौधारोपण किया। इस अवसर पर सरस्वती चिल्ड्रेन एकेडमी के प्रबंधक व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (शिक्षक प्रकोष्ठ) के जिलाध्यक्ष पी.के. श्रीवास्तव ने सभी उपस्तिथ लोगो को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया एवं पौधारोपण के लिए प्रोसाहित




किया। इस अवसर पर श्याम रतन श्रीवास्तव, सरोज श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव, राजेश बच्चा भैया, अखिलेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, रितेश श्रीवास्तव, पंकज सिन्हा, विश्वप्रकाश श्रीवास्तव, अनुपम श्रीवास्तव, सुलभ श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, अनीस श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, शशांक श्रीवास्तव, मिलन श्रीवास्तव, विद्यालय प्रबंधन समिति की सविता श्रीवास्तव, रेखा पांडेय, महेंद्र पांडेय, पवन पांडेय, सुभाष आदि स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार महासचिव संजय अस्थाना ने किया।

# नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव जौनपुर के पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव जौनपुर के पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता करते हुए कहा भाजपा सरकार में लगातार शिक्षकों का शोषण हो रहा है और हम शिक्षकों की लड़ाई सदन से लेकर सड़क तक लड़ने का काम करेगें हमारी लगातार मान रही पुरानी पेंशन बहाली किया जाए लेकिन अभी तक सरकार इस इस विषय पर कोई भी निर्णय नहीं ले रही लेकिन पुरानी पेंशन बहाली के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आगे की लड़ाई लड़नी होगी हम लड़ने का काम करेंगे और पुरानी पेंशन बहाल कराने के लिए भाजपा सरकार को विवश करेंगे उन्होंने कानपुर के धटना के बारे कहा कहा कि इस घटना का मुख्य जो कारण है कि भाजपा के प्रवक्ता नूपुर शर्मा के भड़काऊ भाषण से दंगा हुआ सबसे पहले तो सरकार को यह बात संज्ञान लेनी चाहिए लेकिन भाजपा सरकार का मुद्दा यह है हिंदू–मुस्लिम मंदिर–मस्जिद उनको विकास से कोई लेना देना नहीं है और जानते हैं कि हम हिंदू–मुस्लिम मंदिर–मस्जिद करके ही सरकार बना लेंगे तो



विकास करने की क्या जरूरत है आज महंगाई चरम सीमा पर है गरीब परिवार दो वक्त की रोटी भी नहीं जुटा पा रहा है लेकिन सरकार इन सब विषयों पर उसका ध्यान नहीं है उसका ध्यान बस इतना है कि हम कितने सरकारी संपत्तियों को बेचकर देश को गुलामी के रास्ते पर ले जाएं साथ मे मुख्य रूप से जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव, राजबहादुर यादव, हिसामुद्दीन शाह,श्याम बहादुर पाल,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, राजेश यादव, ऋषि यादव ईश्वर लाल यादव, याघवेंद्र यादव निजामुद्दीन अंसारी डॉ अमर बहादुर यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के प्रति सतत प्रयासरत है मोदी सरकार : रागिनी सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह की अध्यक्षता में जिला अस्पताल जौनपुर में मोदी सरकार के सफलम 8 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा सुशाशन व गरीब कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत महिला मोर्चा के पदाधिकारी बहनों ने कैल्शियम, आयोडीन, विटामिन की टेबलेट व सैनेटरी पैड वितरण किया और साथ–साथ आंगनबाड़ी, आशाबहु और स्वयं सहायता समूह की बहनो के साथ संवाद स्थापित किया गया और उनके विचार व सुझाव मांगे गए। जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा रागिनी सिंह ने सवांद करते हुए मोदी सरकार की 8 वर्ष में महिलाओं के लिए कार्यो की जानकारी वहां पर उपस्थित महिलाओं को दिया, उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना महिलाओं के नाम से दी गयी जिसकी मालकिन स्वयं महिलाएं है, महिलाओं के लिये इज्जत घर यानि शौचालय बनवाया, आशाबहु के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की देखरेख की चिंता कर रहे है, प्रधानमंत्री जन धन योजना के माध्यम से बहनो का बैक में खाते खोले गए, महिलाओं को धुंए से मुक्ति व उत्तम स्वास्थ्य के लिए 9 करोड़ उज्ज्वला गैस वितरण किया गया, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के माध्यम से प्रत्येक महीने 9 तारीख को महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के लिए फ्री चेकअप व दवाईयों का वितरण मुफ्त में किया जा रहा है। श्रीमती सिंह ने आगे बताया कि मोदी सरकार की कई योजनाएं केवल महिलाओं के लिए हैं मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई कदम उठाए हैं। जिसका लाभ बड़े पैमाने पर देश की महिलाओं को मिल रहा है, सरकार का उद्देश्य है कि महिलाएं भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ें. वैसे भी हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की शुरुआत की इस योजना का उद्देश्य बालिका लिंग अनुपात में गिरावट रोकना एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना के तहत 100 फीसदी तक अस्पतालों या प्रशिक्षित नर्सों की निगरानी में महिलाओं के प्रसव को किया जाता है. ताकि प्रसव के दौरान मां और उसके बच्चे के स्वास्थ्य की उचित देखभाल की जा सके। जो महिलाएं सिलाई–कढ़ाई में रुचि रखती हैं,



उनके लिए केंद्र सरकार की ओर से फ्री सिलाई मशीन दी गई। उन्होंने आगे बताया कि मोदी सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना की शुरुआत की यह स्कीम 10 साल से कम उम्र की लड़कियों/बच्चियों की उच्च शिक्षा और शादी के लिए है यानी लड़कियों के सुरक्षित भविष्य के लिए यह बचत योजना है किसी भी बैंक और पोस्ट ऑफिस में जाकर आप अपनी 10 साल से कम उम्र की बेटी के लिए अकांउट खुलवा सकते हैं, स्कीम पूरी हो जाने के बाद सारा पैसा उसे मिलेगा, जिसके नाम पर आपने इस अकांउट को खुलवाया होगा। श्रीमती सिंह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार के 8 साल में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की अनंत यात्रा लगातार जारी है। जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, आतंक एवं तुष्टीकरण के प्रकोप से पीड़ित देश की राजनीति पर मोदी सरकार की 8 वर्षों की यात्रा विकासवाद की जीत की यात्रा है। इस कालखंड मे देश बदला ही नहीं बल्कि विकास की नई–नई कहानियां गढ़ रही है। यह कार्यक्रम जौनपुर के सभी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री विमला श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष अंशु कुशवाहा, जिला मंत्री करुणा मौर्या सहित समस्त पदाधिकारी बहने मौजूद रही।

# नगरीय क्षेत्र में साफ–सफाई पेयजल पथ प्रकाश से सम्बन्धित शिकायतों के निराकरण हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि मा० राज्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देश/आदेश के क्रम में नगर पालिका परिषद, जौनपुर में नगरीय क्षेत्र में साफ–सफाई, पेयजल, पथ प्रकाश से सम्बन्धित शिकायतों के निराकरण हेतु प्रत्येक सोमवार को समय 10.00 बजे से 12.00 बजे तक जनसुनवाई अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर पालिका परिषद, जौनपुर के कैम्पस में किया जायेगा तथा जनसामान्य की सुविधा हेतु नगर पालिका परिषद जौनपुर के कैम्पस में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कन्ट्रोल रूम में पालिका से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत मो०नं० 8081206702 पर सम्पर्क कर नोट करा सकते है।

# सोहावल तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर जिंदा को मुर्दा दिखा कर खतौनी हड़पने का बड़ा कारनामा

अयोध्या ब्यूरो : तहसील सोहावल में भ्रष्टाचार चरम पर है वहां पर जिंदा को मुर्दा दिखा कर खतौनी में परिवर्तन कर भू माफियाओं द्वारा जमीन को हड़पने का तहसील कर्मियों की मिलीभगत से बड़ा खेल हो रहा है जिसकी पोल पिछले तहसील दिवस में प्रभारी सीडीओ अनीता यादव के सामने स्वयं खुल गई जबकि इसके पूर्व में स्पष्ट आवाज अखबार में तहसील में भ्रष्टाचार के मामले की खबर प्रमुखता से छापी थी जिस पर मजनावा गांव के किसान सुंदरलाल नाई पुत्र रोघई के शिकायती पत्र से स्वयं खुल गई है। तहसील में नियम कानून को ताक पर रखकर बिना सुविधा शुल्क लिए जनता का काम ना करने की शिकायत प्रमुखता से जिला अधिकारी अयोध्या से अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी ने करने की मांग किया है।फैजाबाद मोदहा निवासी तीन लोगों के नाम 78 ईयर जमीन नाम दर्ज कर दी गई। मामले की शिकायत पीड़ित ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए एक व्यक्ति ने कहा साहब मैं जिंदा हूं यह सुनकर उपस्थित तहसील दिवस देख रही है सीडीओ अनीता यादव ,सीओ शैलेंद्र प्रताप सदर गौतम, उप जिलाधिकारी सोहावल अनुराग प्रसाद सहित उपस्थित लोगों में हड़कंप मच गया। प्रार्थना पत्र देते हुई पीड़ित ने कहा साहब मैं तो अभी जिंदा हूं फिर भी मेरी खतौनी मुझे मृत्यु दिखा कर दूसरे के नाम दर्ज कर दी गईं शिकायत करते हुए व्यक्ति ने पहचान पत्र व आधार कार्ड दिखाया कर खुद जिंदा होने का साबुत भी दिया। मामला ग्राम पंचायत मजनावा तहसील सोहावल का है मजनावा गांव निवासी सुंदरलाल नाई पुत्र रोघई बीते कई वर्षों से दिल्ली स्थित फरीदाबाद प्राइवेट नौकरी करता हैं बीते सप्ताह एक वैवाहिक कार्यक्रम मैं वह गांव आया था खतौनी साथ ले जाने की मंशा के तहत जनसेवा से खतौनी निकलवाई तो उनके नाम के स्थान पर धार्मेंद्र कुमार,अरविंद कुमार, गोविंद कुमार, मकान संख्या 809 सिविल लाइन फैजाबाद का नाम गाटा संख्या 1023 में 78 ईयर लगभग पक्का 6 बिस्सा 20 11 2017 में खतौनी बना दी गई। खतौनी मैं दूसरे व्यक्ति का नाम देखते ही सुंदर लाल नाई के पैरों तले जमीन खिसक गई। सीडीओ अनीता यादव ने नाराजगी दिखाते हुए सीओ ग्रामीण शैलेंद्र प्रताप गौतम,उप जिलाधिकारी सोहावल अनुराग प्रसाद को जिम्मेदारों के विरुद्ध मुकदमा लिखवाने का दिया आदेश दिया है। यह तो मांगी भर है तहसील में जनता का कोई भी काम जैसे हकबरारी बाद दाखिल खारिज के मुकदमे सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को खाली कराने के 122इ के मुकदमे अवैध रूप से बालू खनन के आए दिन शिकायतों से स्थिति काफी बद से बदतर होती जा रही है। विगत दिनो पूर्व की शिकायत पर बड़ी मात्रा मे अवैध रूप से पट्टे के विपरीत बगल की जमीनों में खुलेआम बालू खनन धड़ल्ले से किए जा रहे थे जिसकी शिकायत पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई भी की थी।

## नूपुर शर्मा का भाजपा से निलंबन राष्ट्रवादी नेताओं का अपमान – हिन्दू महासभा

अयोध्या ब्यूरो : अखिल भारत हिन्दू महासभा ने राष्ट्रवादी नेता भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा को भाजपा से निलंबित किये जाने पर भाजपा की कड़ी आलोचना की है । हिन्दू महासभा के अयोध्या जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश दत्त मिश्र ने नूपुर शर्मा के निष्कासन पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा ने राष्ट्रवाद और हिंदुत्व का चोला ओढ़कर मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त हो गई है । उनका निष्कासन राष्ट्रवाद और हिंदुत्ववादी विचारधारा का अपमान है । यह जानकारी आज जारी बयान में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान जी ने देते हुए बताया कि नूपुर शर्मा स्वयं को अकेला न समझें । अखिल भारत हिन्दू महासभा सदैव उनके साथ खड़ी है । उन्होंने नूपुर शर्मा को सच्ची वीरांगना बताते हुए कहा कि उन्होंने जिस साहस के साथ विधर्मियों को उन्ही की भाषा मे जवाब दिया , वो समस्त हिन्दू समाज के लिए अनुकरणीय है । जारी बयान के अनुसार जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि जेहादी और विधर्मी नूपुर शर्मा की जान के शत्रु बन चुके हैं । भाजपा ने नूपुर शर्मा का साथ छोड़कर उन्हें जिहादियों और विधर्मियों के निशाने पर अकेला करने की कोशिश की है । उन्होंने कहा कि जेहादियों ने जिस प्रकार हिन्दू महासभा के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश तिवारी की हत्या की , उसी प्रकार का दुस्साहस नूपुर शर्मा के साथ भी कर सकते हैं। रामधन निषाद ने भारत सरकार से उच्च श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने की मांग करते हुए कहा कि शीघ्र ही हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी नूपुर शर्मा से मिलकर उनके सामने हिन्दू महासभा में शामिल होने का प्रस्ताव रखेंगे। उन्होंने कहा कि नूपुर शर्मा के लिए हिन्दू महासभा के दरवाजे सदैव खुले रहेंगे।

## अवैध शराब कारोबार में शामिल पांच आरोपियों पर पुलिस ने लगाया गैंगस्टर एक्ट

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना)शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब कारोबार में संलिप्त पाए गए पांच आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की है। शाहबाद कोतवाली पुलिस ने 2021 में शाहाबाद थाना क्षेत्र में अवैध शराब सहित पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था। उन पांचों आरोपियों पर पुलिस ने आज गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। अपराध संख्या 270/22 के अंतर्गत धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत अरुण वर्मा उर्फ अन्नू पुत्र अटल बिहारी ग्राम कमालुद्दीन पुर थाना राजेपुर जनपद फतेहगढ़, विनीत मिश्रा पुत्र रामवीर मिश्र भैरमपुर थाना शमशाबाद, अजय सिंह उर्फ अनुराग सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी ग्राम कौढ़ा कोतवाली देहात, प्रेम शंकर रैदास उर्फ पिंटू पुत्र रमेश पाठकुआं, कोतवाली सिटी, राजू चौहान उर्फ सुनीत सिंह पुत्र नरबीर सिंह इमरान टैगोर कॉलोनी मऊ दरवाजा फर्रुखाबाद पर शाहाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने 2021 में उपरोक्त समस्त अभियुक्तों को शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में बड़ी संख्या में शराब सहित गिरफ्तार किया था। उपरोक्त व्यक्ति सामूहिक रूप से गैंग बनाकर गोरखधंधे को अंजाम दे रहे थे। शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने इन सभी आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है।

# अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद में पत्रकारों के सम्मान सम्मान की रक्षा करना मुख्य उद्देश्य : मयंक श्रीवास्तव





मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय सनातन परिषद पत्रकार संघ के संस्थापक व अध्यक्ष श्री मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य समस्त भारतीय भूभाग में छोटे से छोटे मीडिया प्लेटफार्म व पत्रकार बंधुओं की आवाज से आवाज मिलाकर उठाना और उनकी जरूरतों और मान सम्मान की लड़ाई लड़ना यह मेरा मुख्य उद्देश रहेगा ।अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद पत्रकार संघ भारत सरकार से वेव मीडिया जिसमें यूट्यूब चौनल व अन्य पोर्टल आते हैं उन पर तत्काल प्रभाव से कानून बनाकर एक वर्किंग प्लेटफॉर्म सुलभ कराने के लिए काम करने, मीडिया जगत से जुड़े पत्रकारों को भवन, भूमि, यात्रा इत्यादि के लिए रियायती दरों पर सुविधाएं उपलब्ध हो उसे सुरक्षित करना रहेगा । साथ ही साथ हर छोटे बड़े पत्रकार व मीडिया हाउस पर मिथया आरोप लगाकर कई बार मुकदमे लिखवाए जाते हैं या अन्य दबाव बनाए जाते हैं तो उन सभी लोगों को उचित न्यायिक सहायता भी उपलब्ध हो सके इस बात पर भी अंतरराष्ट्रीय सनातन परिषद पत्रकार संघ का ध्यान व बल रहेगा ताकि कोई भी व्यक्ति या संस्था या संगठन कोई अनुचित कार्रवाई करने से पहले हजार बार सोचना पड़े ।अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद मूल रूप से एक राष्ट्रवादी विचारधारा का संगठन है और यही राष्ट्रवादी सोच लेकर अंतरराष्ट्रीय सनातन परिषद पत्रकार संघ आगे भारत के संविधान के चौथे स्तंभ के लिए सेवारत रहेगा। अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद की नवगठित इकाई अंतरराष्ट्रीय सनातन परिषद पत्रकार संघ का लखनऊ प्रेस क्लब लखनऊ में प्रोग्राम को आयोजित किया गया अंतरराष्ट्रीय सनातन परिषद और अंतरराष्ट्रीय सनातन परिषद पत्रकार संघ के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मयंक श्रीवास्तव जी ,उपाध्यक्ष श्रीमती सोना श्रीवास्तव जी ,उत्तर प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश निगम जी ,जिला महामंत्री श्री आकाश गुप्ता जी, जिला सचिव श्री शिवांशु गुप्ता जी , व अन्य तमाम पदाधिकारियों की उपस्थिति व मार्गदर्शन में प्रेस कॉन्फ्रेंस को आयोजित किया गया। इसमें सभी सम्मानित पत्रकार भाइयों को सम्मानित किया गया व देश की उपासना के ब्यूरो चीफ मृत्युंजय प्रताप सिंह को भी राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव द्वारा सम्मानित किया गया उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव जी को पत्रकारों के हितों में कार्य करने के लिए संघर्ष की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का वादा किया।

# गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति से संबद्ध गोमती नगर विस्तार प्रखंड की बैठक रिवरव्यू आर्केड में संपन्न

ब्यूरो चीफ आरएल पाण्डेय लखनऊ। बैठक में सर्वप्रथम प्रखंड के अध्यक्ष,सचिव का चुनाव किया गया जिसमे सर्वसहमिति से अध्यक्ष इं अशोक गुप्ता को एवम् सचिव मोनिका कुमारी की निर्वाचित किया गया इस बैठक में विस्तार के निम्नलिखित विषयों पर चर्चा हुई। ग्रीन गैस कनेक्शन में आ रहे समस्याएं, अवैध ब्रेकर,अवैध मीट की दुकानें एवम् अतिक्रमण,अवैध डेरिया, वेस्ट वाटर के निस्तारण एवं गोमती नगर से गोमती नगर विस्तार को जोड़ने वाली खस्ताहाल सड़क के चल रहे निर्माण कार्य में बदलाव की जरूरत को सभी ने महासचिव जी को अवगत कराया इन सभी समस्याओं को सुनकर महासचिव जी ने सर्वप्रथम ग्रीन गैस से जुड़ी समस्याओं को लेकर त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को फोन कर कर अवगत कराएं एवं गोमती नगर को गोमती नगर विस्तार से जोड़ने वाली सड़क के निर्माण कार्य के बदलाव के बारे में भी त्वरित यथासंभव संबंधित अधिकारियों को फोन करें त्वरित निस्तारण के लिए कहा अन्य समस्याओं को भी जल्दी निस्तारण का आश्वासन महासचिव जी ने दिया। महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल ने प्रखंड के निर्वाचित अध्यक्ष,सचिव को बधाई दी एवं अध्यक्ष,सचिव अन्य सभी से महासमिति के संविधान के अंतर्गत एवं निःस्वार्थ,समर्पण एवं सेवा भाव से कार्य करने के लिए कहा अंत में सभी ने अल्पाहार कर इं अशोक गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया इस बैठक में गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल उपाध्यक्ष डॉ पशुपति पाण्डेय सचिव केके मौर्या सचिव कर्नल ए एन पाण्डेय प्रचार सचिव अजय तिवारी एवं प्रखंड से नवनिर्वाचित अध्यक्ष इं अशोक गुप्ता धर्मपत्नी सहित,सचिव मोनिका कुमारी,सुमित सिंह,अनामिका चौबे,पंकज सिंह,राकेश वर्मा सम्मिलित रहे।

# पर्यावरण को संतुलित रखने में वृक्षो की अहम् भूमिका – डा राजीव नारायण मिश्र

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 वी बटालियन पीएसी वाराणसी परिसर में डॉ० राजीव नारायण मिश्र (आईपीएस) सेनानायक 34वी वाहिनी पीएसी, वाराणसी द्वारा पॉम का पौधा रोपित कर वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।इस अवसर पर सेनानायक डॉक्टर राजीव नारायण मिश्र ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर जागरूकता एवं पौधरोपण, परम आवश्यक है।इस मौके पर कमांडेंट डॉक्टर राजीव नारायण मिश्र ने कहा कि वर्तमान समय में अगर पर्यावरण को संतुलित रखना है तो अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।इस मौके पर उन्होने कहा कि वृक्षारोपण करने से जहां एक ओर इस पृथ्वी पर वृक्षों की संख्या बढ़ेगी तो वही दूसरी तरफ पर्यावरण संतुलित रहेगा और हमें वृक्षों से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष अनेक प्रकार के लाभ भी मिलते रहेंगे।इस मौके पर उन्होंने देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र एनबीसी चैनल के माध्यम से लोगों से अपील किया कि सभी लोग अधिक से अधिक वृक्षारोपण करे।इससे उनके आसपास का वातावरण स्वच्छ और संतुलित रहेगा ही इसके साथ ही साथ सभी लोगों





को वृक्षों से अनेक लाभ ही मिलेंगे।वही इसी क्रम में कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारीगण व जवानों द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार वृक्ष जिसमें आम, अमरूद आंवला नींबू जामुन वह अन्य विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए गए।इस दौरान, नरेश सिंह यादव–सैन्य सहायक आम,आंवला जामुन के फलदार वृक्षों को लगाया गया, देवपाल शिविरपाल, रणजीत तिवारी सूबेदार सैन्य सहायक, डा0 अम्बुज गुप्ता वाहिनी चिकित्साधिकारी तथा 34वीं वाहिनी के समस्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों द्वारा उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया गया।इस वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में एक सौ एक से अधिक फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया गया।

## डीकेयू क्राइम ब्यूरो सुल्तानपुर अमित श्रीवास्तव बने मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के सुल्तानपुर जिला महामंत्री



अयोध्या ब्यूरो : अयोध्या मंडल अयोध्या के सुल्तानपुर जिले से डीकेयू क्राइम ब्यूरो अमित श्रीवास्तव मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के सुल्तानपुर जिले महामंत्री नियुक्ति हुये।मालूम हो कि अमित कुमार श्रीवास्तव निवासी कुडवार जनपद सुलतानपुर उ०प्र० पिनकोड 228155 को श्री ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष उत्तर–प्रदेश की प्रबल संस्तुति पर संगठन में उनकी सक्रियता एवं निष्ठा को देखते हुए जिला महामंत्री सुलतानपुर के पद पर नियुक्त किया।ज्ञातव्य है कि श्रीवास्तव प्रतिष्ठित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र (डीकेयू) में सुल्तानपुर जिले में बतौर जिला संवाददाता के पद पर कार्यरत हैं एवं वरिष्ठ पत्रकार तथा समाजसेवी होने के साथ–साथ सदैव दबे कुचले एवं कमजोर वर्ग की आवाज बुलंद करते रहे हैं।इसके साथ ही साथ वे पत्रकारिता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी एक सफल पहचान बना चुके हैं।अब समूचे जनपद सुलतानपुर में संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति, मजबूती–बिस्तार व संगठन के बिकास हेतु अपना योगदान देंगें। इस मौके पर उन्होने बताया कि हम संगठन में पूरी निष्ठा और लगन के साथ कार्य करते हुए पत्रकारों व समाज के प्रत्येक वर्ग को उनके हक और अधिकार दिलाने के साथ–साथ उनकी आवाज बुलंद करते हुए कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगें और एसोसिएशन के कार्य को जनपद सुलतानपुर में विस्तार करेंगें।उनके नियुक्ति पर संस्थापक भवानी प्रसाद तिवारी (वी पी तिवारी),राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण शुक्ल,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश बहादुर सिंह ने शुभकामनाए दिया।वही इनके इस नियुक्ति पर स्थानीय पत्रकारो ने इन्हे बधाई दिये।

# भाजपा विधायक के भाई पर गांव में लाइट कट जाने पर विद्युत अधिकारी ने किया खंडन

अयोध्या ब्यूरो : जाले के मिल्कीपुर के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ के भाई विक्की बाबा पर जबरन पूरे गांव की लाइट काटने के आरोप का खंडन फेसू–1 एसडीओ पंकज तिवारी ने किया और पूरे गांव को 400 केवी का ट्रांसफार्मर देने का भी वादा किया.इस दौरान आज तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता से मुलाकात भी की।दरअसल पूरा मामला कल का है जिसमे डिफेंस कॉलोनी में किसी कारण से लाइट नही आ रही थी तो जबरन उनके छोटे भाई विक्की के ऊपर बिना जाँच किये पूरे गांव की लाइट काटने का आरोप लगा था जिसका खंडन आज एसडीओ पंकज तिवारी ने किया। विक्की बाबा ने बताया कि पंकज तिवारी ने मेरे ऊपर लगाए गए आरोप से माफी मांग ली है उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार है मैं अगले चौबीस घंटे में 400 केवी का ट्रांसफार्मर भी देने का आश्वासन दिया है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा संत रविदास मंदिर में मनाया गया महंत यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का भव्य जन्म उत्सव

अयोध्या ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ जी के जन्म उत्सव के अवसर पर अयोध्या मंडल के मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण वैश्य के दिशा निर्देशन में भारतीय जनता पार्टी के चारों मंडल के अध्यक्ष पदाधिकारियों देवतुल्य कार्यकर्ताओं अयोध्या विधानसभा के यशस्वी विधायक वेद प्रकाश गुप्ता रुदौली विधायक रामचंद्र यादव महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में संत रविदास मंदिर के प्रांगण में केक काटकर मिठाई बांटकर महंत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस मौके पर समाजसेवी रितेश दास जो कि लावारिस लाशों एवं तमाम सामाजिक कार्यों में जुड़े रहते हैं उनको अयोध्या मंडल की तरफ से 1000 महीने आर्थिक सहयोग देने का वादा किया गया ।आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों ने सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं जन सामान्य के लिए विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रकार डालकर प्रदेश की उन्नति के बारे में सभी को विस्तार से बताया।

# "वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ" के अभियान के साथ किया वृक्षारोपण सरोज

अयोध्या ब्यूरो : समाजवादी पार्टी की महिला महानगर अध्यक्ष सरोज यादव ने पर्यावरण संवर्धन में आज ग्रामीणों के साथ ग्रामीणांचल में पौधारोपण अभियान चलाया। श्रीमती यादव ने समाजवादी पार्टी की महिला कार्यकर्ता व अन्य के साथ मलिकपुर ग्राम सभा में पौधरोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पृथ्वी को हरा भरा और ऑक्सीजन युक्त बनाएं। उन्हें आम जनमानस का आवाहन करते हुए कहा की हम सभी की जिम्मेदारी है कि वृक्ष लगाकर पर्यावरण को बचाएं उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार में पेड़ लगाने का काम कम हो रहा है और काटने का काम ज्यादा किया जा रहा है। ऐसे में सभी की जिम्मेदारी है कि जहां भी हो पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाने का काम करें । वही बेतहाशा हो रही पेड़ों की कटान को भी रोकने कि अपनी जिम्मेदारी को समझे ।महिला महानगर अध्यक्ष ने कहा पूरे वर्षा ऋतु में पौधरोपण अभियान चलाएंगे ।इस अवसर पर जय कला मौर्य, कमला देवी, राजमणि देवी, शशि कला, राजकुमारी, विद्यावती, प्रवीण कुमार बाहुबली, रामचंद्र, बृजेश मौर्या, लक्ष्मण यादव आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के निजी नलकूपों पर मीटर लगाने का आदेश किसान विरोधी है–घनश्याम वर्मा

अयोध्या ब्यूरो : उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के निजी नलकूपों पर मीटर लगाने का आदेश किसान विरोधी है जिसका प्रबल विरोध किया जाएगा और प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के लिए बिजली ,पानी फ्री करने की बात अपने घोषणापत्र में करती है वही निजी नलकूपों पर मीटर लगाकर तथा उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक विद्युत दर घोषित करके किसानों की कमर तोड़ कर बड़ा शोषण करने जा रही है जिसका प्रबल विरोध भारतीय किसान यूनियन करती है और बहुत जल्द बड़े आंदोलन की शुरुआत की जाएगी श्री वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में विद्युत विभाग के अधिकारी– कर्मचारी गांव में निरीक्षण के बहाने किसानों तथा विद्युत उपभोक्ताओं को नाजायज तंग करने तथा रिश्वत लेने के लिए ओवरलोड के नाम पर/ विद्युत चोरी के नाम पर बड़े पैमाने पर शोषण किया जा रहा है जोकि बिल्कुल गलत है। योगी सरकार पिछले कार्यकाल में पानी फ्री की थी और वर्तमान कार्यकाल के लिए बिजली फ्री करने की बात की थी परंतु बिजली फ्री ना करके किसानों को धोखा दिया है। घनश्याम वर्मा ने कहा कि सरकार राजकीय नलकूपो, नहरों जिसपर पूंजी लगाती है जिसकी सिंचाई फ्री करने के बजाय कम करनी चाहिए और किसानों की पूंजी पर लगने वाले निजी नलकूपों की बिजली फ्री करने की जरूरत है।

# जर्जर सड़क का कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी

अयोध्या ब्यूरो : जिला पंचायत से सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने से जनता में खुशी की लहर है। जानकारी के मुताबिक रूदौली तहसील क्षेत्र ग्राम पंचायत खेदीपुर गांव से होते हुए पालपुर गांव तक की खड़ंजा युक्त सड़क काफी जर्जर खस्ताहाल हो गई थी जिसपर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे जिसपर राहगीर बड़ी कठिनाइयों के साथ अपनी जान जोखिम में डालककर निकलते थे।इस जर्जर सड़क पर डामरी करण व उसे दुरुस्त कराने के लिए ग्रामीणों ने कई बार ग्राम प्रधान से मांग की थी लेकिन ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों की बात नहीं सुनी तब ग्रामीणों पूर्व जिला पंचायत सदस्य व वर्तमान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद अली से इस जर्जर सड़क को बनवाने की जोरदार मांग की।मोहम्मद अली ने ग्रामीणों की इस समस्या को गम्भीरता से संज्ञान में लेते हुए ग्राम पंचायत खेदीपुर से ग्राम पंचायत पालपुर तक पास करा दिया जिसपर कार्य भी शुरू हो गया है।इस जर्जर सड़क पर डामरीकरण का कार्य शुरू होने से ग्रामीणों सहित क्षेत्र की जनता में काफी खशी है।इस जर्जर सड़क पर डामरीकरण का कार्य शुरू होने से मास्टर उजैर अहमद ने लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त करते हुए इस सराहनीय कार्य के लिए जिला पंचायत सदस्य असगर अली,सैयद रिजवान रसूल,मौलाना अब्दुस्सलाम,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पालपुर मोहम्मद सुहेल, महबूब अहमद, रामतिलक, रामतेज यादव, मोहम्मद सगीर,मोहम्मद तालिब,मोहम्मद दानिश,सोनू सलमानी,समाज सेवी नियाज अहमद,रिजवान अहमद,मुकीम,अहमद,सबकतुल्लाह व मोहम्मद अजीम आदि ने इस सराहनीय कार्य के लिए के लिए बधाई दी है।

# गर्मी आते ही अपमिश्रित आइस क्रीम ने दी गांवो में दस्तक

अयोध्या ब्यूरो : गर्मी का मौसम आते ही रूदौली तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में अपमिश्रित आइस क्रीम व अन्य खाद्य पदार्थ बेचने वालों ने दस्तक दे दी है जिसके चलते संक्रामक रोग फैलने की आशंका व्याप्त हो गई है।इन अशुद्ध खाद्य पदार्थों की चपेट में अक्सर बच्चे ही आते हैं। प्रदूषित खाद्य पदार्थ के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों पर अंकुश लगाने में संबंधित विभाग पूरी तरह विफल नजर आ रहा है।उक्त मिलावटी पदार्थ को बनाने के संबंध में कतिपय लोगों से जानकारी ली तो पता चला कि इसमें डबल रोटी व केक का चूरा मिलाकर अप्रमाणित दूध व इसमें मिठास का स्वाद घोलने के लिए चीनी के जगह शिकरीन,खोया की जगह आरारोट आदि मिलाकर आइस क्रीम तैयार की जाती है।जिसे खासकर बच्चे शौक से खाते हैं।उन्हें यह नही मालूम की जो वे खा रहे हैं वह उनके स्वास्थ्य के लिए नुकसान देह है। ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी आते ही साईकिल के केरियल पर खाद्य पदार्थ के रूप में लदा यह बीमारी का बाक्स और हैंडल पर बंधे भोंपू की आवाज सुनाते विक्रेता लगभग हर गांवो में टहलते नजर आएंगे,खास कर भेलसर,सुजागंज,भक्त नगर, ऐहार, रौजागाँव, जरैला, मवई, नेवरा, सडवा,बाबा बाजार,पटरंगा,रानीमऊ आदि गांवों के आस पास घूमते यह बेचने वाले कारोबारी अपने कारोबार में सक्रिय मिलेंगे।बात सिर्फ आइस क्रीम पर ही भी सीमित है फलों के विक्रेता ठेलो,खुमचो पर लगाने वाले गन्ने के रस और चाट की दुकानों आदि बेरोक टोक संचालित हो रही है।जिस पर स्वास्थ्य विभाग का ध्यान केंद्रित नही हो पा रहा है और न ही खाद्य पदार्थ के अधिकारी इन लोगो पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहे हैं।मानव स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले बेरहमी कारोबारी स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालो पर अधिकारियों द्वारा शिकंजा कसा जायेगा।

# रोजगार सेवक पर ठेकेदार व ग्रामीणों ने लगाया गंभीर आरोप

अयोध्या ब्यूरो : तहसील क्षेत्र की ग्राम सभा मीतनपुर मजरे भीखीपुर झलिहा गांव में 1 माह पूर्व मनरेगा योजना के तहत ठेकेदार द्वारा सीसी सड़क बनवाई गईथी जिसमें ठेकेदार ने बाहर के मजदूरों से काम करवाया था और मजदूरों को मजदूरी दिलाने की मांग ग्राम सचिव व रोजगार सेवक से किया तो रोजगार सेवक ने 48000 रुपए बैंक से निकाल लिया और 21000 ठेकेदार को दे दिया और शेष रकम रख लिया इस बाबत पूछने पर रोजगार सेवक रेखा वर्मा ने बताया की ठेकेदार द्वारा जो काम बाहर के मजदूरों से करवाया गया था उसका भुगतान 21000 ठेकेदार को दिया गया है और हमारी ग्राम सभा के मजदूरों ने सीसी सड़क बनाने में मजदूरी किया है शेष रकम उनके खाते में भेज दी गयी है वही ग्राम सभा मे तैनात जिम्मेदारो सहित ग्रामीण व ठेकेदार ने रोजगार सेवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया की सीसी रोड बनाने में ग्राम सभा का कोई मजदूर काम करने नहीं गया था जिन मजदूरों के खाते में मजदूरी भेजी गई है उनका नाम रोजगार सेवक रेखा वर्मा नहीं बता पा रही हैं इससे साफ जाहिर है की रोजगार सेवक मास्टर रोल में हेरा फेरी करके सरकारी धन डकार गई हैं ग्राम सभा के संभ्रांत लोग इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की तैयारी कर रहे हैं।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।